State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

विज्ञप्ति

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय–देहारादून के जुलाई – 2013 के सत्र में प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षा

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून के जुलाई 2013 के सत्र में आठवी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 01 शनिवार और 02 रविवार, दिसम्बर 2012 को देश के चुने हुये केन्द्रों में होगी। छत्तीसगढ़ राज्य में परीक्षा केन्द्र प्रो.जे.एन.पाण्डेय शास.बहु.उ.मा.विद्यालय, नलघर चौक, रायपुर होगा। उम्मीदवारों की परीक्षा निम्नलिखित विषयों में ली जायेगी :–

क्र.	विषय	अधिकतम अंक	तिथि	समय
1.	अंग्रेजी की लिखित परीक्षा	125 अंक	01 दिसम्बर 2012, शनिवार	प्रातः 10 से 12 बजे तक
2	गणित की लिखित परीक्षा	200 अंक	01 दिसम्बर 2012, शनिवार	दोपहर 14.00 से 15.30 बजे तक
3	सामान्य ज्ञान की लिखित परीक्षा	75 अंक	02 दिसम्बर 2012, रविवार	प्रातः 10 से 11 बजे तक
4	साक्षात्कार– इसमें मुख्यतः उम्मीदवार की बुद्धि, व्यक्तित्व आदि की परीक्षा ली जायेगी (अंग्रेजी में प्रवीणता की जाँच नहीं की जायेगी)	50 अंक (केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीद्वारों के लिये)	05 अप्रैल 2013, शुक्रवार	

टीपः– साक्षात्कार केवल उन्हीं उम्मीद्वारों का होगा जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे।

सामान्य ज्ञान व गणित के प्रश्न पत्रों का उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में दिया जा सकता है। प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्रों एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। यदि कोई उम्मीद्वार किसी भी एक प्रश्न पत्र में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त नही कर पाता तो उसे प्रवेश के लिये अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा। उम्मीद्वारों के चयन योग्यता क्रम के आधार पर किया जावेगा।

शैक्षणिक योग्यताः– प्रवेश के समय उम्मीदवार को किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत होना चाहिए या सातवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुका हों।

आयुसीमाः– उम्मीदवार की आयुसीमा 01 जुलाई 2013 को $11^{1/2}$ से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02 जुलाई 2000 के पहले और 01 जनवरी 2002 के बाद का नहीं होना चाहिये।

कोरा आवेदन पत्र मंगाने की विधि एवं पताः– आवेदन पत्र तथा विवरण पत्रिका के लिए 400/– (चार सौ रू.) (स्पीड पोस्ट के द्वारा मांगने हेतु 450/–) (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये 355/– रू.(तीन सौ पचपन रू.) (स्पीड पोस्ट के द्वारा मांगने हेतु 405/–) का बैंक ड्राफ्ट, ''कमाण्डेंट राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, तेल भवन, कोड नं. 01576, देहरादून'' के नाम से भेज कर प्राप्त किया जा सकता है। इसे रजिस्टर्ड पार्सल से भेजा जावेगा।

पताः– कमाण्डेंट राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून कैन्ट, उतरांचल, 248001।

नोटः– केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय से प्राप्त आवेदन ही मान्य होंगे। बाजार से मिलने वाले या फोटोकापी किया गया आवेदन मान्य नहीं होगा।

भरे हुये आवेदन पत्र जमा करने की विधि/स्थान एवं अंतिम तिथिः–

पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र दो प्रतियों में तीन पासपोर्ट आकार के प्रमाणित फोटो एवं रूपये 50/– का ड्राफ्ट जो (कमाण्डेंट राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, तेल भवन, कोड नं. 01576, देहरादून के नाम से देय हो)। (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिये इस ड्राफ्ट की राशि 5/– (पांच रूपये मात्र) की होगी) उपरोक्त सभी दस्तावेज संलग्न कर बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक से **सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, डी.के.एस.भवन अथवा संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, डाइट कैम्पस, शंकर नगर, रायपुर में 30 दिसम्बर, 2012 तक कार्यालयीन समय में अवश्य पहुँच जाना चाहिए।**

(अनिल राय)
संचालक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,
छत्तीसगढ़, रायपुर

State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र. / एस.सी.ई.आर.टी / आर.आई.एम.सी. / 37–1 / 2012 /   रायपुर, दिनांक ....

प्रति,

संचालक,
सूचना एवं जनसंपर्क
छ.ग., रायपुर

विषयः– राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून में प्रवेश परीक्षा हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन।

संदर्भः– भारत सरकार सैन्य प्रशिक्षण महानिदेशालय जनरल स्टाफ शाखा समेकित मुख्यालय रक्षामंत्रालय (सेना) नई दिल्ली के पत्र क्र. 35378 / जुलाई 2013–जी.एस. / एम.टी.–6(ए) दिनांक 27 जून, 2012।

राष्ट्रीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून में कक्षा 8वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा दिनांक 01 व 02 दिसम्बर, 2012 से संबंधित विज्ञप्ति प्रदेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों (शहरी एवं ग्रामीण) में छात्रहित को ध्यान में रखते हुये निःशुल्क प्रकाशित करवाने क कष्ट करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार विज्ञप्ति की प्रति – 5

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर

पृ. क्र. / एस.सी.ई.आर.टी / आर.आई.एम.सी. / 37–1 / 2012 /   रायपुर, दिनांक ....

प्रतिलिपिः –

सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन डी.के.एस.भवन, मंत्रालय रायपुर को सादर सूचनार्थ।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर

E:\Name of Folder\.T.P.Dewanagan Sir\RIMC Let.\Bharat .Doc 2012